# Newsletter Govt. Polytechnic Bhatapara

वर्ष-2 अंक-2 अप्रैल – जून 2023

## संक्षेप में समाचार

- छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित Tech-Fest 2023 के रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली संस्था के इलेक्ट्रिकल विभाग के अंतिम वर्ष की छात्रा ने अंतर जोन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया|
- इलेक्ट्रिकल विभाग ने चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र- छात्राओं हेतु प्रजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया |
- इलेक्ट्रिकल विभाग ने अंतिम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को मेजर प्रोजेक्ट के रूप में पवन ऊर्जा संयंत्र का निर्माण करवाया|
- इलेक्ट्रिकल विभाग चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए अलग –अलग विषय से सम्बंधित प्रयोगशाला का आयोजन प्रतिदिन करते हैं|
- सिविल विभाग ने मेजर प्रोजेक्ट में प्लास्टिक से इंटों का निर्माण करवाया|
- सिविल विभाग के structural design & drafting lab के अंतर्गत छात्रो द्वारा Column Footing models का निर्माण किया गया ।
- सिविल विभाग ने मेजर प्रोजेक्ट में गन्नो के राख (Sugarcane bagasse) से इंटों का निर्माण करवा कर compressive strength की जांच की I
- पॉवर ग्रिड भाटापारा की ओर से संस्था के छात्र-छात्राओं के लिए वाद-विवाद तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन संस्था में किया गया|
- संस्था में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए quiz प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |
- अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पर संस्था में छात्र –छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया गया |
- सिविल इंजीनियरिंग उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं हेतु अडानी ग्रुप सीमेंट कंपनी में हेल्प बाइक इंजीनियर पद के लिए कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किया गया |
- मैकेनिकल विभाग के छात्र कुणाल आनंद का चयन **Evonith Value Steel Limited,** वर्धा महाराष्ट्र में हुआ है|
- संस्था के प्रथम सेमेस्टर में प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन माह मई में किया गया |

## Tech-fest 2023 में प्रतिभागिता-

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 05-04-2023 को आयोजित, Tech-fest 2023 में जोन -2 रंगोली प्रतियोगिता की विजेता, संस्था की छात्रा कुमारी संध्या वर्मा (इलेक्ट्रिकल अंतिम वर्ष) ने छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई में आयोजित इंटर जोन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया | संस्था की व्याख्याता सुश्री आकांक्षा देशमुख ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की |









# प्रजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन-

छात्र-छात्राओं मे विषय के प्रति रोचकता को बढ़ाने के लिए विद्युत विभाग के अंशकालीन व्याख्याता सुश्री दीक्षा वर्मा के द्वारा 18 मई 2023 को चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के बीच प्रेजेंटेशन प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया था जिससे छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया | यह प्रेजेंटेशन विद्युत उत्पादन के तकनीकों पर आधारित था |







## पवन ऊर्जा संयंत्र (मेजर प्रोजेक्ट) -

Renewable energy sources की उपयोगिता को ध्यान मे रखते हुए बच्चों मे renewable energy के प्रति निर्भरता को बढ़ाने के लिए विद्युत विभाग के व्याख्याताओं (श्री भूपेंद्र कुमार देवांगन, श्री केशव पटेल, सुश्री दीक्षा वर्मा, सुश्री इंदु वर्मा, श्री प्रशांत गवेल, श्री अंकित मेश्राम) के साथ विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी के देख रेख मे अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के द्वारा मेजर प्रोजेक्ट के रूप मे इंडकसन मोटर का उपयोग करते हुए पवन ऊर्जा संयंत्र का निर्माण दिनांक 22-05-2023 कराया गया |









# प्रयोगशाला –

छात्र-छात्राओं मे सैद्धांतिक ज्ञान के साथ साथ व्यावहारिक जानकारियों का होना भी जरूरी है इस कारण संस्था, विश्वविद्यालय के आदेशों और छात्र-छात्राओं के हित के लिए प्रति दिन एक विषय से सम्बंधित प्रयोगशाला का आयोजन कराती है | विद्युत विभाग के व्याख्याता श्री भूपेंद्र कुमार देवांगन के द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के बीच त्रिकला इंडकसन मोटर मे स्पीड और टार्क के बीच संबंद्ध स्थापित करते हुए इंडकसन मोटर का व्यवहारिक जीवन में उपयोग की जानकारी दे रहे है |





## **Column Footing models** का छात्रों द्वारा निर्माण –

- सिविल अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा Structural Design & Drafting lab के अंतर्गत Column Footing models (नींव) का निर्माण व्याख्याता सुश्री आकांक्षा देशमुख के नेतृत्व में किया गया । छात्रों द्वारा समस्त निर्माण कार्य संस्था के सिविल विभाग में किया गया जिससे छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि हुई ।

- Column-footing में इस्पात सुदृढ़ीकरण (reinforcement) का model रोशन वर्मा, दिव्या भारती,गेल्विन बंजारे,कमलेश,शैलेन्द्र द्वारा 100x100mm कॉलम एवं 500x500mm **पाद** हेतु दर्शाया गया, जिसमे 10mm एवं 6mm इस्पात छढ़ को सुदृढ़ीकरण (reinforcement) हेतु उपयोग किया गया।

- नींव के 4 प्रकार का निर्माण गोपेन्द्र साहू,कोमल राठौर,शेषनारायण,कीर्तन साहू,अनिश द्वारा किया गया –

  1.पृथक पाद (Isolated footing)
  2.ढलानदार पाद (Sloped footing)
  3.कदम पाद (Stepped footing)
  4.संयुक्त पाद (Combined footing)

Footing का निर्माण concrete एवं 4mm व्यास के इस्पात से किया गया।

उक्त modelsसिविल विभाग में प्रदर्शित हैं।









# प्लास्टिक से इंटों का निर्माण-

सिविल अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने मेजर प्रोजेक्ट में मिट्टी की ईंटों के स्थान पर प्लास्टिक का उपयोग करने के साथ-साथ अपशिष्ट प्लास्टिक का प्रभावी ढंग से उपयोग करने का कार्य किया|

प्लास्टिक कचरे में पुनर्चक्रण योग्य विशेषताएं होती हैं जिनका उपयोग इसे पुनर्चक्रित करने और एक नया उत्पाद बनाने के लिए किया जा सकता है जिसका पर्यावरणीय प्रभाव कम होता है। प्लास्टिक की ईंटें हल्के वजन की होती हैं जो बहुत कम मात्रा में पानी सोखती हैं या लगभग न्यूनतम जल अवशोषण करती हैं जिससे इसकी संपत्ति बढ़ जाती है और ताकत भी मिट्टी की ईंटों की तुलना में काफी बेहतर होती है, जो मिट्टी की ईंट से लगभग दोगुनी होती है। सिविल विभाग के व्याख्याता श्री मनीष कुमार राज के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने प्लास्टिक के इंटों का निर्माण कार्य पूर्ण किया |





## पॉवर ग्रिड की ओर से छात्रों के लिये आयोजन –

संस्था के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं पॉवर ग्रिड कॉरपरेशन आफ इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान के तहत दिनांक 31-05-2023 को निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पॉवर ग्रीड के चीफ़ मेनेज़र श्री पवन कुमार सहायक मेनेज़र श्री गौरंग मिश्रा जूनियर इंजिनियर रिंकी कुमारी उपस्थित रहे। पॉवर ग्रिड की ओर से छात्रों के लिए इलेक्ट्रिकल सम्बन्धी सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के साथ –साथ पॉवर ग्रिड ने संस्था के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं का आयोजन भी करवाया |

**“स्वच्छता भक्ति से भी बड़कर है”** विषय में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी संस्था में करवाया |

वाद विवाद प्रतियोगिता में -

प्रथम स्थान इलेक्ट्रिकल द्वितीय सेमेस्टेर के **उदित नारायण** को एवं

द्वितीय स्थान इलेक्ट्रिकल अंतिम सेमेस्टेर के **छत्रसौहै मानिकपुरी** एवं

तृतीय स्थान इलेक्ट्रिकल अंतिम सेमेस्टेर के **पुष्पेंद्र नामदेव** को प्राप्त हुआ।

निबंध प्रतियोगिता का विषय **“गिले एवं सूखे कचरे का पुनर्चक्रण”** था |

जिसमें-

प्रथम इलेक्ट्रिकल अंतिम सेमेस्टेर के **गौरव वर्मा**,

द्वितीय इलेक्ट्रिकल द्वितीय सेमेस्टेर के **उदित नारायण** एवं

तृतीय स्थान मैकेनिकल द्वितीय सेमेस्टेर के **विनोद महिलांग** ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम में निर्णायकों की भूमिका में सिविल विभाग से व्याख्याता श्री मनीष कुमार राज एवं मानवीकी विभाग से डॉ मोनिका जैन रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री दिव्या जोतवानी ने किया। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम के समन्वयक इलेक्ट्रिकल विभाग के व्याख्याता श्री भूपेन्द्र कुमार देवांगन थे।

समस्त विजेताओं को पुरस्कार पॉवर ग्रिड के अधिकारियों एवं इलेक्ट्रिकल विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में एक स्वच्छता रैली का भी आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ आई. सी. भारती जी ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी |


स्वच्छ भारत अभियान


NATIONAL SERVICE SCHEME
GOVERNMENT POLYTECHNIC BHATAPARA
Put Your Heart, Mind & Soul into even your smallest acts. This is the Secret of Success.
CHHATTISGARH SWAMI VIVEKANAND TECHNICAL UNIVERSITY, BHILAI


GOVERNMENT POLYTECHNIC
BHATAPARA

## विश्व पर्यावरण दिवस 2023-

संस्था के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के तत्वाधान में दिनांक 05-06-2023 को विश्व पर्यावरण दिवस जिसका थीम #BEATPLASTICPOLLUTION के आधार पर QUIZ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने पूरी उर्जा से भाग लिया | इस प्रतियोगिता का उद्देश्य हमारे पर्यावरण को विभिन्न प्रदुषण से बचने की बारे में सभी में जागरूकता फैलाना था|

प्रतियोगिता के विजेता के रूप में प्रथम स्थान पर इलेक्ट्रिकल द्वितीय सेमेस्टर के संजय निषाद रहे , दुसरे स्थान पर दीपक निषाद तथा तीसरे स्थान पर मुकेश साहू एवं भानुप्रताप वर्मा रहे|

कार्यक्रम का संचालन श्री हिमेंद्र डहरे, श्रीमती ज्योति सेन तथा सुश्री दिव्या जोतवानी द्वारा किया गया | कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोनिका जैन द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जागरूक किया गया | संस्था के प्राचार्य डॉ आई. सी. भारती जी ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी |







## अंतराष्ट्रीय योग दिवस-

संस्था में दिनांक 21-06-2023 को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा योगाभ्यास का आयोजन किया गया | योग हमारे भारत की पहचान है, जो कई सदियों से भारत में किया जाता रहा है| वर्ष 2023 की योग थीम वसुधैव कुटुम्बकम के सिध्दांत पर रखी गई है , जिसे आधार मानकर संस्था के अधिकारियों, छात्र- छात्राओं एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा योग दिवस हर्सोल्ल्लास से मनाया गया| राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोनिका जैन द्वारा समस्त छात्र – छात्राओं एवं अधिकारियों को विभिन्न आसन जैसे – ताड़ आसन , भुजंग आसन , अनुलोम-विलोम, भ्रामरी , वृक्षासन एवं सूर्य नमस्कार कराया गया और योग से होने वाले अनेकों लाभ से परिचित कराया गया | आज की इस आधुनिक युग में अपना समय बर्बाद करते हैं तथा अनेक बीमारियों जैसे सर्वाइकल, डिप्रेशन को निमंत्रण दे रहे हैं, उसे भी योग द्वारा नियंत्रण सम्बन्धी जानकारी डॉ. मोनिका जैन द्वारा दी गई | कार्यक्रम में संस्था के व्याख्याता दीपक गुप्ता , सुनील कुमार अनंत , आम्रपाली बंसोड़, ज्योति सेन उपस्थित रहे | संस्था के प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती ने सभी को योग दिवस की बधाई देते हुए सभी को स्वस्थ एवं निरोगी जीवन यापन करते हुए अपने लक्ष्य के प्रति केन्द्रित रहने की सलाह दी |





शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज में हुआ योग शिविर



## कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन-

संस्था से सिविल इंजीनियरिंग उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं हेतु अडानी ग्रुप सीमेंट कंपनी में हेल्प बाइक इंजीनियर पद के लिए दिनांक 23.06.2023 दिन शुक्रवार को कैंपस प्रशिक्षण एवं रोजगार शाखा द्वारा आयोजित किया गया, उक्त कैंपस से 15 छात्र/छात्राओं का चयन हुआ है एवं 06 छात्र/छात्राओं को प्रतीक्षरत रखा गया है । चयनित अभ्यर्थियों के मासिक वेतन 22,700 रुपये होंगे एवं जॉब स्थान छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में होगा ।

शाखा प्रभारी श्री उपेंद्र कुमार पटेल व्दारा बताया गया कि संस्था सभी उत्तीर्ण छात्र - छात्राओं के रोजगार के लिए प्रयासरत है, जिसके तारतम्य में वर्ष 2022-23 में 37 छात्रों का चयन कई प्रतिष्ठित कंपनियों में हो चुका है तथा गत वर्ष में संस्था से 36 छात्रों का चयन कई प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ था। संस्था प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती ने समस्त शिक्षकगण एवं चयनित अभ्यर्थियों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी।

### चयनित छात्र-छात्राओं की सूची

| SL .no | Name |
|---|---|
| 1 | Chandrabhan Singh |
| 2 | Aanand Kumar Rathore |
| 3 | Pankaj Kumar Verma |
| 4 | Prakash Kumar Jaiswal |
| 5 | Sandeep Kumar Rathore |
| 6 | Sonu Sahu |
| 7 | Kunal Krishna sahu |
| 8 | Suraj Kumar Gupta |
| 9 | Preeti Sahu |
| 10 | Nutan Kumar Sahu |
| 11 | Rupesh Kumar Rathore |
| 12 | Chandresh Kumar |
| 13 | Chandraprakash Sainik |
| 14 | Yogita Paikra |
| 15 | Vinay Kumar Prasad |






## कैंपस चयन-

संस्था के मैकेनिकल विभाग के छात्र कुणाल आनंद का चयन **Evonith Value Steel Limited,** वर्धा महाराष्ट्र में हुआ है | उक्त कैंपस शासकीय सह –शिक्षा पॉलिटेक्निक, रायपुर में दिनांक **13-05-2023** को आयोजित हुआ , इसमें संस्था के इलेक्ट्रिकल विभाग के **19** विद्यार्थी, मैकेनिकल विभाग के **3** विद्यार्थी सम्मिलित हुए |

संस्था के प्रशिक्षण एवं रोजगार प्रकोष्ठ प्रभारी श्री उपेंद्र कुमार पटेल, प्राचार्य डॉ. आई. सी. भारती तथा समस्त शिक्षकों ने शुभकामनाये दी |



Evonith Value Steel Limited
(Formerly Uttam Value Steels Limited)

Evonith

EVSL/Offer/2023/26

Date: 20/06/2023

To,
Mr. Kunal Anand ,
Govt Polytechnic, Bhatapara.

**Offer of Appointment**

With reference to your application and subsequent interview you had with us, we are pleased to appoint you as "**Diploma Engineer Trainee**" with effect from your date of joining on the following terms & conditions:

- You will report for your duties on or before **01st August, 2023**
- Your place of posting will be at Evonith Value Steel Ltd. at Village Barbadi, Bhugaon Link Road, Wardha – 442001, Maharashtra, Contact No. 07152-282004
- You will be entitled to emoluments & other benefits from the date of your joining as we mutually agreed upon.
- Your services will be governed by the rules & regulation of Evonith Value Steel Limited, Wardha and are applicable from time to time including amendments & modifications thereof.
- You may be posted /deputed / transferred in any of our Group Companies or HO at any time during your service period as per requirement of the organization.
- This offer of appointment is subject to your being found medically fit by our authorized doctor and you will willingly undergo medical examination whenever directed by the management & also subject to satisfactory reference check from your previous employer.
- The Appointment Letter specifying the detailed terms & conditions of employment will be issued to you after you join our company.
- Please bring your original as well as Photostat copies of SSLC Certificates as proof of age, Educational Certificates, Aadhar Card, PAN card & other documents as explained during interview time. Please also submit 4 copies of recent passport size color photograph along with Medical fitness Certificate & Blood group Certificate at the time of joining.
- In case, if you fail to join us on or before **01st August, 2023**, this offer of appointment will stand withdrawn and cancelled.

Please sign the duplicate copy of this letter as a token of your acceptance of the terms & conditions of your appointment.

Thanking you,
For EVONITH VALUE STEEL LTD.

R.K Sharma
Head – Human Resources
Wardha Steel Complex



# Profile of a Faculty

Name – Upendra Kumar Patel
Designation – Lecturer
Department – Civil Engineering
Mobile Number - 9407708733
Email Address - upendrapatel1912@gmail.com

## ACADEMIC QUALIFICATION

| Programme | Institution | Board / University | Year of Completion | Performance |
|---|---|---|---|---|
| B.E. (Civil) | Shri Shankaracharya Group of Institutions SSCET Bhilai | CSVTU | 2015 | 77.58% (Honours) |
| 12th Board | Shakuntala Vidyalaya Bhilai | CGBSE | 2010 | 85.20% |
| 10th Board | Saraswati Shishu Mandir Raigarh | CGBSE | 2008 | 84.83% |

## PROFESSIONAL EXPERINCES AT GOVERNMENT POLYTECHNIC, BHATAPARA

| |
|---|
| Working as Lecturer in Civil Engineering department since 2016. |
| In-charging Head of Department Civil Engineering since 2019. |
| In-charging Training & Placement cell as Training & Placement Officer since 2019. |
| In-charged as Building Officer in 2016-2019. |
| In-charged as AICTE Nodal Officer related work in 2016-2019. |
| In-charged as CSVTU Affiliation Nodal Officer related work in 2016-2019. |
| In-charged as AISHE Survey Nodal Officer related work in 2016-2019. |

## SEMINAR / WORKSHOP / FDP ATTENDED / INDUSTRIAL EXPERINCES

| Name of Seminar / Workshop / FDP Attended / Industrial Training | Organized By | Duration |
|---|---|---|
| Induction Training Programme Phase - I | NITTTR, Bhopal | 12.03.2018 – 23.03.2018 (2-weeks) |
| Introductory Training Programme | CG Admin. Academy Nimora | 09.09.2019 - 28.09.2019 (3-weeks) |
| Creating OpenEducationalResources Online | NITTTR, Chennai | 14.09.2020 - 18.09.2020 (1-weeks) |
| 8-Modules (Each 8 weeks) Online | AICTE - NITTT | Completed on February 2022 |
| Universal Human Values Online | AICTE | 05.08.2020 – 09.08.2020(1-weeks) |
| Industrial Training | CG PWD | 25.05.2021 – 17.03.2021 (3-weeks) |
| Induction Training Programme Phase - II | NITTTR, Bhopal | 27.09.2021 – 08.10.2021 (2-weeks) |
| Industrial Training (During B.E.) | ACC Lim. Jamul Expansion | (4-weeks) |
| Industrial Training (During B.E.) | CG PWD | (4-weeks) |

## AWARDS, RECOGNITION & ACHIEVEMENTS

- ✓ As TPO in-charge through various online placement campus conducted for students, 37 students placed till now in various industries/companies in academic year 2022-23.
- ✓ As In-charge HOD Civil Engineering, various construction works (fencing boundary, Main Gate construction, 03 Additional Rooms and building maintenance related work) were executed through tender process in Jan2023-Apr2023.
- ✓ As TPO In-charge Physical Placement campus of Adani Cement Group (Help Bike Engineer - H.B.E. Position) for
  Civil engineering diploma pass-outs conducted on 23.06.2023, more than 15 students will be placed.
- ✓ Nominated for Dr. APJ Abdul Kalam Lifetime Achievement National Award by National Institute for Socio Economic Development on dated 16th September 2021.

## संपादकीय-

यह अत्यंत गर्व एवं हर्ष की बात है कि संस्था के न्यूज़लेटर का पिछले एक वर्ष का हमारा प्रयास आप सभी की उम्मीदों पर खरा उतरा, इसी ख़ुशी के साथ हम संस्था के न्यूज़लेटर के द्वितीय वर्ष के द्वितीय अंक का प्रकाशन कर रहे हैं | संस्था के प्रत्येक विभाग की उपलब्धियों को हमने इस न्यूज़लेटर के माध्यम से आप सभी तक पहुचाने का प्रयास पुरे लगन से किया है |

हमारा यह न्यूज़लेटर, संस्था के सभी व्यक्तियों के उम्मीदों पर खरा उतरने में प्रयासरत है |

## Vision of the Institute

To be a quality technical institute that will transform the Students to be skilled manpower and socially receptive citizens.

## Mission of the Institute –

- Achieve improved teaching-learning process and industry integrated interactions to meet the need of the engineering Environment.
- Empower the students with knowledge, attitude and skill of employability, entrepreneurship and professionally ethical citizens.

Government Polytechnic Bhatapara, Village Deori Road, Dist- Balodabazar-Bhatapara, 493118 (C.G.)

E-mail- gpbhatapara@gmail.com Website- gpbhatapara.ac.in